भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
व्यय विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या – 3359

सोमवार, 9 अगस्त, 2021/ 18 श्रावण, 1943 (शक)

पर्वतीय राज्यों हेतु वित्तीय पैकेज

3359. श्री किशन कपूर:
क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केंद्र सरकार का हिमाचल प्रदेश जैसे पर्वतीय क्षेत्रों में कोविड महामारी के दौरान सबसे अधिक प्रभावित पर्यटन उद्योग को पुनर्जीवित करने के लिए, पर्वतीय राज्यों को कोई विशेष वित्तीय पैकेज प्रदान करने का प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) और (ख): जी, हां। सरकार ने पर्यटन मंत्रालय द्वारा मान्यता-प्राप्त क्षेत्रीय स्तर के टूरिस्ट गाइडों और राज्य सरकारों द्वारा मान्यता-प्राप्त टूरिस्ट गाइडों तथा पर्यटन मंत्रालय द्वारा मान्यता-प्राप्त यात्रा एवं पर्यटन हितधारकों को कार्यशील पूंजी / व्यक्तिगत ऋण प्रदान करने का निर्णय लिया है। इसमें हिमाचल प्रदेश जैसे पर्वतीय राज्य / क्षेत्रों के ऐसे गाइड और यात्रा एवं पर्यटन हितधारक शामिल हैं।

****